Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 23-12-2005

Participants : Barq Shri Shafiqur Rahman

>

Title : Need to lay a new railway line between Sambhal and Gajraula via Hasanpur in Moradabad Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

डॉ. शफ़ीकुर्रहमान बर्क (मुरादाबाद) :अध्यक्ष महोदय, मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र मुरादाबाद के अंतर्गत काफी दिनों से विचाराधीन पड़ी कम दूरी की एक रेलवे लाइन संभल-गजरौला वाया हसनपुर मुरादाबाद मंडल की ओर दिलाना चाहता हूं। कई साल पहले इस लाइन का सर्वे भी हो चुका है, लेकिन विभागीय लापरवाही की वजह से सर्वे होकर भी यह प्रोजेक्ट पैंडिंगि पड़ा हुआ है। कुल 50 कि0मी0 से भी कम दूरी के इस रेल मार्ग को बनाने की मांग बरसों से यहां के लाखों नागरिक करते आ रहे हैं। संभल में ऐरिया की मैंथा ऑयल की मंडी होने की वजह से भी यह रेलवे लाइन व्यवसायिक रूप से बहुत जरूरी है।

अतः आपसे निवेदन है कि आप संभल-गजरौला वाया हसनपुर के इस छोटे से रेल मार्ग का कार्य जल्दी से जल्दी शुरू करवाने का कट करें।